कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-**25.03.2023**

सेना मे भर्ती कराने के नाम पर धोखाधड़ी करके पैसे हड़पने के मामले मे वांछित अभियुक्तगण जय शंकर, चंदन कुमार व विकास मौर्या थाना कैण्ट व क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से कुल 70,000/- रु नगद, 03 अदद मोबाईल फोन व डॉक्युमेंट्स की मूल प्रति बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के कुशल नेतृत्व मे थाना कैण्ट पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-135/23 धारा 420/406/411 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 01.जय शंकर पुत्र हृदय नारायण निवासी ग्राम व पोस्ट कटौना थाना सिंधौरा जनपद वाराणसी 02.चंदन कुमार पुत्र रतन लाल निवासी ग्राम गजोखर पोस्ट परसरा थाना फूलपुर जनपद वाराणसी 03.विकास मौर्या पुत्र अशोक मौर्या निवासी ग्राम गरथंवा पोस्ट गरथंवा थाना सिंधौरा जनपद वाराणसी को इमलिया घाट के रास्ते में पड़ने वाले पावर हाउस मोड़ के पास से आज दिनांक 25.03.2023 को समय 07.15 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 70,000/- रु नगद, 03 अदद मोबाईल फोन व कुछ डॉक्युमेंट्स बरामद किये गये। उक्त के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-दिनांक-24.03.2023 को वादी मुकदमा श्री आन्शु कुमार यादव पुत्र बिरेन्द्र यादव निवासी-ग्राम पोस्ट रेपुरा हल्दी जिला बलिया ने अभियुक्त जयशंकर द्वारा धोखा देकर सेना मे नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा हड़प लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना कैन्ट मे मु0अ0सं0-135/23 धारा 420/406 भादवि पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 सौरभ पाण्डेय द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01.जय शंकर पुत्र हृदय नारायण निवासी ग्राम व पोस्ट कटौना थाना सिंधौरा जनपद वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष

02.चंदन कुमार पुत्र रतन लाल निवासी ग्राम गजोखर पोस्ट परसरा थाना फूलपुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष

03.विकास मौर्या पुत्र अशोक मौर्या निवासी ग्राम गरथंवा पोस्ट गरथंवा थाना सिंधौरा जनपद वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

अभियुक्त जयशंकर उपरोक्त के पास से एक नीले रंग का एंड्राइड मोबाइल फोन ivfinix hot व कुल पचास हजार रुपये (50000/-) व डॉक्युमेंट्स हाई स्कूल की मार्कशीट मूल प्रति, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण आदि।

अभियुक्त चंदन कुमार उपरोक्त के पास से काले रंग का Techno कंपनी का एंड्राइड मोबाइल फोन व कुल पाँच हजार रुपये (5000/-)

अभियुक्त विकास मौर्या उपरोक्त के पास से कुल पन्द्रह हजार रुपये (15000/-) व Oppo कंपनी का काले रंग का एंड्रॉयड फोन बरामद।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त जयशंकर प्रसाद ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग सेना में भर्ती कराने के नाम पर धोखाधड़ी करके बलिया जनपद के एक व्यक्ति (अंशु कुमार यादव) से हमने एक लाख सत्तर हजार रुपये लिए थे और आपस में बांट लिए थे । मेरे पास उसके मूल डाक्यूमेंट्स भी मौजूद हैं जो कि उसे लौटाने के नाम पर और पैसा लेने के लिए हमलोग यहाँ पर आये थे ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 सौरभ पाण्डेय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी ।

2.उ0नि0 मनीष कुमार मिश्रा(क्राइम ब्रांच)

3.हे0का0 सुधीर कुमार सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी ।

4.हे0का0 विजय शंकर(क्राइम ब्रांच)

5.हे0का0 प्रमोद(क्राइम ब्रांच)

6.का0 संजय कुमार यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी ।

7.का0 शंकर राम(क्राइम ब्रांच)

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी